अर्द्धवार्षिक परीक्षा

JBN0-2010

समय – 3 घंटे

कक्षा – 11

पूर्णांक – 90

विषय – सामान्य हिन्दी

नोट- सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।

प्रश्न 1. (क) रानी केतकी की कहानी के लेखक है

(1) मुंशी इंशा अल्ला खाँ (2) प्रेमचन्द

(3) जैनेन्द (4) यशपाल

(ख) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने किस पत्रिका का सम्पादन किया था-

(1) हंस (2) सरस्वती (3) ब्राह्मण (4) इन्दु

(ग) हिन्दी का प्रथम मौलिक उपन्यास कौन सा माना जाता है-

(1) चन्द्रकांता (2) गोदान (3) परीक्षा गुरू (4) चरित्रहीन

(घ) अष्टयाम के रचयिता है-

(1) गोकुलनाथ (2) वल्लभाचार्य (3) नाभादास (4) तुलसीदास

प्रश्न 2. (क) छायावाद की मुख्य विशेषता है-

(1) प्रकृति का मानवीयकरण (2) युद्धों का वर्णन

(3) यथार्थ चित्रण (4) भक्ति की प्रधानता

(ख) भारतेन्दु युग की रचना है

(1) प्रेम माधुरी (2) कामायनी (3) निरूपमा (4) गुणवाणी

(ग) आधुनिक युग की मीरा है

(1) सुमित्रा कुमारी चौहान (2) महादेवी वर्मा

(3) सुभद्रा कुमारी चौहान (4) इनमें से कोई नही

(घ) हिन्दी की प्रथम रचना है

(1) दोहाकोश (2) श्रावकाचार

(3) पृथ्वीराज रासो (4) भरतेश्वर बाहुबली रासो

(ड) साहित्य लहरी के रचनाकार है-

(1) कबीरदास (2) सूरदास (3) तुलसीदास (4) नाभादास

प्रश्न 3. निम्नलिखित गद्यांश को पढकर उनपर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 10

(इस अभागे आलसी देश में जो कुछ हो जाए वही बहुत है। (हमारे हिन्दुस्तानी लोग तो रेल की गाडी है। यद्यपि फर्स्ट क्लास, सेकेण्ड क्लास आदि गाड़ी बहुत अच्छी- अच्छी और अधिक महसूल की ट्रेन इस में लगी है) पर (बिना इंजन सब नही चल सकती, वैसे ही हिन्दुस्तानी लोगो को कोई-कोई चलाने वाला हो तो ये क्या नही कर सकते।) इनसे इतना कह दीजिए '<u>का चुप साधि रहा बलवाना</u>' फिर देखिए

https://www.upboardonline.com

हनुमान जी को अपना बल कैसे याद आता है सो बल कौन याद दिलावे।

उपर्युक्त गद्यांश को पढकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(1) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है तथा इसके लेखक का नाम लिखिए।

(2) प्रस्तुत पंक्तियों में लेखक ने किसकी चर्चा की है? स्पष्ट कीजिए।

(3) भारतीयो को किसकी संज्ञा दी गई है तथा क्यों?

(4) 'का चुप साधि रहा बनवाना' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

अथवा

काहे री नलनी तूँ कुम्हिलानी,
तेरे ही नालि सरोवर पानी।
जल में उतपति जल में बास, जल में नलनी तोर निवास।।
ना तलि तपति न ऊपरि आगि, तोर हेतु कहु कासनिलागि।
कहै कबीर जे उदिक समान, ते नही मुए हमारे जाना।।

उपयुक्त पद्यांश को पढकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) प्रस्तुत पद्यांश में कवि किससे तथा क्या प्रश्न कर रहा है?

(ख) प्रस्तुत पद्यांश के कवि का नाम बताइये।

(ग) प्रस्तुत पद्यांश के माध्यम से कवि ने किस सत्य को उजागर किया है?

(घ) जीवात्मा के प्रसन्न एवं दुखी होने के क्या कारण है? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किसी एक लेखक अथवा कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए।

(1) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (2) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(3) कबीरदास (4) सूरदास

प्रश्न 5. बलिदान अथवा प्रायश्चित कहानी का सारांश अपनी भाषा में लिखिये।

प्रश्न 6. सूतपुत्र नाटक के प्रथम अंक का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा सूतपुत्र नाटक के नायक का चरित्र चित्रण लिखिए।

प्रश्न 7. (क) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्ही दो के अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए।

आँख का तारा, ऊँट के मुँह में जीरा, एक पन्त दो काज

(ख) निम्नलिखित शब्द युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए।

कुल-कूल

(1) वंश और किनारा (2) सब और आवाज

(3) ध्वनि और शीतल (4) वंश और शीतल

अनिल-अनल

(1) वायु और आग (2) आग और वायु

https://www.upboardonline.com

(3) जल और कमल (4) हवा और धूल

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए।

अंक , अम्बर , गुरू

(घ) निम्नलिखित वाक्यांशो में से किन्ही दो के लिए एक शब्द लिखिए।

(1) जिसके समान कोई दूसरा न हो (2) जिसकी आने की कोई तिथि न हो

(3) जिसकी उपमा न हो

(ड) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि विच्छेद के सही विकल्प छाँटिए।

इत्यादि का सन्धि विच्छेद है-

(1) इति+आदि (2) इत्य+आदी (3) इत+आदि (4) इती+आदि

विद्यालय का सन्धि विच्छेद है-

(1) विद्या+लय: (2) विद्या+आलय: (3) वि+द्यालय: (4) विद्याल+य:

(च) निम्नलिखित में से किन्ही दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।

(1) ईश्वर के अनेको रूप है।

(2) हम सब छत में खेलेंगे।

(3) मेरे को अभी जाना है।

प्रश्न 8. (क) हास्य अथवा करूण रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

(ख) अनुप्रास अथवा यमक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 9. गन्दगी के कारण मच्छरो के प्रकोप से वचने के लिये स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिये।

प्रश्न 10. निम्नलिखित विष में से किसी एक पर अपनी भाषा शैली में निबन्ध लिखिए।

(1) पर्यावरण एवं प्रदूषण समस्या और समाधान

(2) भारत में कम्प्यूटर की महत्ता

(3) भारतीय किसान की समस्याएँ

(4) भारतीय समाज में नारी।

https://www.upboardonline.com